सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 112 | इंदौर, गुरुवार 07 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Salman Khan:** सलमान खान को धमकी देने वाला आरोपी कर्नाटक से गिरफ्तार; पांच करोड़ की फिरौती भी मांगी थी
2. **Maharashtra:** सुप्रिया सुले ने अजित पवार के फिर से साथ आने पर दिया बड़ा बयान, बोलीं- वे सीएम पद की रेस में नहीं
3. **Sharda Sinha:** पंचतत्व में विलीन हुईं बिहार कोकिला, विदाई में बजे छठ गीत; राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार
4. **Delhi Pollution:** स्मॉग में लिपटी राजधानी, हवा जहरीली; सांसों पर संकट बरकरार, AQI बढ़ा रहा दिल्लीवालों की चिंता
5. **US Election Results Live:** चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने ट्रंप को बधाई दी, कहा- मतभेद खत्म करने के लिए बातचीत हो

पूर्व गृह मंत्री बोले

# कॉल डिटेल निकालकर दबाव बना रही पुलिस

### भूपेंद्र सिंह ने डिप्टी सीएम के सामने लगाए आरोप; एसपी ने कहा-यह हमारे अधिकार में नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर। खुरई से भाजपा विधायक और पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कॉल डिटेल निकालकर पुलिसकर्मियों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री और सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला के सामने यह मुद्दा उठाया। बुधवार को जिला योजना समिति की बैठक में भूपेंद्र सिंह ने कहा- स्थानीय पुलिस अधिकारी एसपी और आईजी की अनुमति के बगैर कुछ लोगों के फोन नंबर और मोबाइल का सीडीआर निकाल रहे हैं। इनका मिस यूज किया जा रहा है।



दरअसल, सागर में बुधवार को जिला योजना समिति की बैठक में शुक्ला अलग-अलग विभागों के कामों की समीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान सिंह ने कहा- एसपी, आईजी की अनुमति के बगैर स्थानीय पुलिस अधिकारी कुछ लोगों के मोबाइल का सीडीआर (कॉल डिटेल रिपोर्ट) निकाल रहे हैं।

#### ◆ एसपी की सफाई-

#### यह हमारे अधिकार में नहीं

बैठक में मौजूद एसपी विकास शाहवाल ने कहा- आरोप गलत हैं। यह हमारे अधिकार में ही नहीं है।

इस पर भूपेंद्र सिंह ने कहा- मुझे सफाई नहीं चाहिए। गृह मंत्री रहा हूं, मुझे सब पता है। यह बताइए कि यह सब किसकी अनुमति से हो रहा है? क्यों हो रहा है?

#### ◆ कलेक्टर बोले-

#### सीडीआर निकालने का प्रावधान नहीं

बैठक के बाद एसपी शाहवाल ने दैनिक भास्कर से कहा कि अपराधों की जांच के लिए सीडीआर निकालते हैं। कहीं किसी ने गड़बड़ी की है तो इसकी जांच करवा लेंगे। वहीं, कलेक्टर संदीप जीआर का कहना है कि सीडीआर निकालने का कोई प्रावधान नहीं है। अगर ऐसा कुछ है तो जांच में साफ हो जाएगा।

#### ◆ मंत्री ने कहा-

#### 5 माह से धमकियां मिल रहीं

विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा- मोबाइल फोन की सीडीआर निकालने के मामले 5 महीने से सामने आ रहे हैं। इसमें कुछ लोगों को स्थानीय पुलिस अफसर धमकियां देकर बता रहे हैं कि आपने कुछ लोगों से इस तरह की बातें फोन पर की हैं। मुझे लोग आकर बता रहे हैं, जिनके साथ ऐसा हुआ है।

# बकाया बिजली बिल बेटे-बहू की जेब से काटेगी सरकार

### परिवार के सदस्यों के बैंक अकाउंट से होगी वसूली, कलेक्टर-एसपी तैयार करेंगे रिकॉर्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। अगर आपके घर का बिजली कनेक्शन आपके पिता के नाम पर है और वे कई महीनों से बिल नहीं भर रहे हैं तो इसका पैसा अब आपकी जेब से कटेगा। ठीक ऐसे ही, अगर कनेक्शन आपके नाम है और बिजली बिल बकाया है तो इसकी वसूली आपके साथ आपके घर में रहने वाले पिता, मां, भाई, बहन, पत्नी में से किसी एक के बैंक अकाउंट से की जाएगी।

इसके लिए मध्यप्रदेश में बिजली कंज्यूमर्स और उनके परिवार के सदस्यों के बैंक अकाउंट्स की जानकारी अब सभी



जिलों के कलेक्टर और एसपी को रखनी होगी। इन बैंक अकाउंट की जानकारी मिलने के बाद सरकार कलेक्टर्स के जरिए बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की बकाया वसूली कराएगी। राज्य शासन ने इसके लिए जिलास्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं।

यह कमेटी कंज्यूमर्स की केवाईसी (नो योर कस्टमर) कराएगी। डेटा एनालिसिस के आधार पर ऐसे कंज्यूमर्स की पहचान की जाएगी, जो सक्षम होने के बाद भी बिजली का पूरा बिल नहीं देकर गलत लाभ ले रहे हैं। हालांकि, कितना बकाया होने पर इस तरह का एक्शन लिया जाएगा और परिवार के सदस्यों से बैंक अकाउंट से वसूली किस तरह की जाएगी, यह फिलहाल तय नहीं है।

#### कलेक्टर होंगे कमेटी के अध्यक्ष

पांच सदस्यीय कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। पुलिस आयुक्त या पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमेटी के सदस्य होंगे। विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता, महाप्रबंधक शहर (संचालन और संधारण) को सदस्य और कमेटी संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री बोले- कांग्रेस जहां हारी फिर नहीं जीती

## इंदौर महानगर की संगठन कार्यशाला में शक्ति केंद्रों-मंडलों में बैठकों का शेड्यूल तय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जावरा कंपाउंड में बुधवार को आगामी संगठन चुनाव को लेकर इंदौर महानगर की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री और इंदौर महानगर चुनाव अधिकारी रणवीर सिंह रावत ने कहा कि पूरे देश में इंदौर एवं मध्य प्रदेश का नाम सदस्यता में नंबर वन आया है।**




भारतीय जनता पार्टी एक आंतरिक लोकतंत्र व्यवस्था से चलने वाली पार्टी है, जिसके लिए प्रत्यक्ष 6 वर्ष में संगठन पर्व मनाया जाता है। इसके माध्यम से प्राथमिक सदस्य बनाकर भाजपा परिवार को विस्तार देना और निर्वाचन के माध्यम से संगठन की नई संरचना की जाती है। निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बूथ से लेकर मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी का सक्रिय सदस्य होना आवश्यक है।

रावत ने आगे कहा कि, ऐसे पात्र कार्यकर्ता जो सक्रिय सदस्य बनने से छूट गए उन्हें एवं मातृशक्ति सहित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सक्रिय कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्यता दिलवाने की चिंता मंडल अध्यक्षों को करनी चाहिए। आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रावत ने कहा कि शक्ति केंद्र संगठन सहयोगियों की भी नियुक्तियां जल्द की जाएगी। 7, 8 एवं 9 नवंबर को मंडलों की कार्यशाला होना है उसके पश्चात 12, 13 एवं 14 नवंबर को शक्ति केंद्रों की बैठके आयोजित होंगी।

### कांग्रेस जहां हार जाती है वहां फिर नहीं जीतती

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बूथ पर अध्यक्ष का निर्वाचन एवं समिति का गठन व्यावहारिक एवं लोकतांत्रिक रूप से करना है। आंतरिक लोकतंत्र के कारण ही भाजपा का संगठन इतना सशक्त है कि जहां भाजपा विपक्ष में होती है वहां सरकार में आती है और सरकार बनी रहती है। वहीं कांग्रेस जहां हार जाती है वहां फिर नहीं उठ पाती। रावत ने यह भी कहा कि जिस तरह प्राथमिक सदस्यता में इंदौर देश में नंबर वन आया है वैसे ही सक्रिय सदस्यता में भी इंदौर नंबर वन बनेगा।

### बीजेपी आंतरिक लोकतंत्र को जीवित रखने वाला संगठन

कार्यशाला में नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत प्राथमिक सदस्य और उसके पश्चात सक्रिय सदस्य बनाकर संगठन चुनाव के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी संगठन के आंतरिक लोकतंत्र को जीवित रखने वाला राजनैतिक संगठन है। भारतीय जनता पार्टी इंदौर महानगर ने प्राथमिक सदस्यता मे रिकॉर्ड बनाया है, जिसका श्रेय देवतुल्य कार्यकताओं को जाता है।

# आरडीएसएस के कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश

## एमडी सुश्री रजनी सिंह ने ली अधिकारियों, एजेंसी की मिटिंग

### 45 नए ग्रिडों से मिली सुविधा, कृषि क्षेत्र को विशेष फायदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (RDSS) के कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूर्ण करना हैं, इसके लिए संबंधित एजेंसी एवं बिजली अधिकारी मुस्तैदी दिखाएं। योजना का लाभ बिजली कंपनी एवं उपभोक्ताओं को समय पर दिया जाना हैं। इस संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक (एमडी) सुश्री रजनी सिंह ने ये निर्देश दिए। बुधवार को पोलोग्राउंड बिजली मुख्यालय में मिटिंग में उन्होंने कहा कि इंदौर, उज्जैन सहित कंपनी क्षेत्र के सभी जिलों में आरडीएसएस के तहत ग्रिड, केबल, ट्रांसफार्मर, लाइन, केपेसिटर, पावर ट्रांसफार्मर इत्यादि के कार्य गुणवत्ता के साथ हो। कृषि क्षेत्र के जिन इलाकों में ग्रिडों, लाइनों के कार्य अंतिम चरण में है, वहां कार्य एक दो सप्ताह में पूर्ण करने के हरसंभव प्रयास किए जाए। अब तक 45 ग्रिडों का कार्य पूर्ण कर बिजली वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। हजारों किमी नई लाइनें डाल दी गई है, सैकड़ों केपिसिटर बैंक लगा दिए गए हैं, इससे कृषि क्षेत्र में विशेष रूप से बिजली वितरण सुविधाओं का विस्तार हुआ है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा, अधीक्षण अभियंता श्री सुधीर आचार्य आदि ने भी विचार रखें।

# डेयरी विकास को लेकर कार्यशाला आज

## एक्सपर्ट्स पशुपालकों को आय में वृद्धि के लिए देंगे मार्गदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संभाग में डेयरी विकास के माध्यम से पशुपालकों की आय में वृद्धि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 7 नवंबर, गुरुवार को होगा। यह कार्यशाला वेटरनरी कॉलेज महू में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी। संभागायुक्त दीपक सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यशाला में नानाजी देशमुख वेटरनरी विश्वविद्यालय, जबलपुर के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. मंदीप शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे।**



पशुपालन विभाग के डायरेक्टर डॉ. पीएस पटेल और संभागायुक्त दीपक सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संभाग में डेयरी विकास के माध्यम से पशुपालकों की आय में वृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। संभागायुक्त इंदौर दीपक सिंह की पहल पर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा पशु चिकित्सा एवं पशु महाविद्यालय महू के संयुक्त प्रयास से इसका आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. यूसी शर्मा द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट करनाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मोहनलाल कंबोज और डॉ. चन्द्रदत्त पशुपालन और डेयरी उत्पादन के संबंध में मार्गदर्शन देंगे। एनिमल ब्रीडिंग, आनंद (गुजरात) के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. पराग पंड्या और डॉ. मयंक टंडन भी सत्र को संबोधित करेंगे। इस कार्यशाला में इंदौर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक, नाबार्ड के जिला प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संभागीय उपसंचालक, ग्रामीण विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी, तथा दुग्ध संघ के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# मास्टर प्लान की 23 सड़कें बनाने का ठेका दूसरी बार भी निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मास्टर प्लान की 23 सड़कों के लिए दूसरी बार जारी टेंडर इंदौर नगर निगम ने दूसरी बार भी निरस्त कर दिया है। इन सड़कों के लिए अब तीसरी बार टेंडर जारी किए जाएंगे। निगम ने इन सड़कों के लिए चार अलग-अलग पैकेज में टेंडर जारी किए थे। पहली बार जारी टेंडर चार निर्माण एजेंसियों के आपस में संगमत होकर टेंडर डालने की आशंका के चलते निरस्त कर दिए गए थे।**

इसमें इन कंपनियों ने सड़कों को बनाने के रेट नौ प्रतिशत तक ज्यादा दिए थे। दूसरी बार जारी टेंडर इसलिए निरस्त कर दिए गए क्योंकि इस बार कंपनियों ने सड़क बनाने के रेट छह से सात प्रतिशत तक ज्यादा दिए हैं। नगर निगम को उम्मीद है कि तीसरी बार टेंडर आमंत्रित करने पर आर्थिक लाभ हो सकता है और दर और कम हो सकती है।

केंद्र सरकार ने इंदौर की 23 सड़कों को बनाने के लिए 468 करोड़ रुपये नगर निगम को आवंटित किए हैं। वहीं निगम का दावा है कि सिंहस्थ से पहले इन सड़कों का काम पूरा कर लिया जाएगा ताकि इंदौर होकर उज्जैन जाने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो। इधर सड़कों के टेंडर दूसरी बार निरस्त होने पर कांग्रेस मैदान में उतर आई है। उसने गड़बड़ी की आशंका जताई है।

> पहली बार के मुकाबले दूसरी बार के टेंडर में सड़कों की लागत कम हुई थी। हम तीसरी बार टेंडर बुला रहे हैं और इस बार हमें उम्मीद है कि दूसरी बार के मुकाबले भी कम लागत पर टेंडर आएंगे। इससे नगर निगम को आर्थिक लाभ होगा।
>
> \- राजेंद्र राठौर, जनकार्य समिति प्रभारी नगर निगम इंदौर

### निगमायुक्त का ध्यान दिलवाया था

> टेंडर में न्यूनतम दर में विसंगति सामने आने के बाद टेंडर निरस्त कर तीसरी बार निविदा आमंत्रित करने की मांग की थी। टेंडर में एक कंपनी दो प्रतिशत तो शेष तीन कंपनियां छह-सात प्रतिशत ज्यादा पर काम करने के लिए तैयार थीं। हमने इस साठगांठ की ओर निगमायुक्त का ध्यान दिलवाया था। इसके बाद टेंडर निरस्त किए गए हैं।
>
> \- चिंटू चौकसे, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम इंदौर

# पुलिस ने रोका तो बैरिकेड्स तोड़ भागा एसयूवी चालक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में रात के समय लगाई गई चैङ्क्षकग के दौरान पुलिस ने एक एसयूवी चालक को रोका तो वह चकमा देकर बैरिकेड्स तोड़कर भाग निकला। केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक कल 3 नवंबर की रात शहर में चैकिंग पॉइंट लगाए गए थे। थाना आजाद नगर इलाके में भी मूसाखेड़ी चौराहा पर जांच की जा रही थी। तभी पुलिस ने एसयूवी नंबर एमपी 09 जेड एक्स 0025 के चालक को रोकना चाहा तो वह तेजी से भाग निकला और बैरिकेड्स तोड़ दिए। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस, 3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। तलाश की जा रही है।

# जीजा-साले में विवाद, हत्या की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कनाड़िया पुलिस ने अशरफी नगर के रहने वाले शहजाद की शिकायत पर उसके जीजा नौशाद और उसके भाई फारुख के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहजाद के मुताबिक नौशाद रुपये और मकान मांग रहा था। नौटरी न करने पर उसक हमला कर दिया। उधर चंदन नगर पुलिस ने भी शादाब निवासी डायमंड पैलेस की शिकायत पर उसके जीजा सलमान और पत्नी नाजमीन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# सिर्फ शिकायतों का निराकरण नहीं, फरियादी की संतुष्टि जरूरी

## सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों पर एडीजी (शिकायत) डीसी सागर ने ली समीक्षा बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सीएम हेल्पलाईन पर मिलने वाली जनता की समस्याओं का प्राथमिक स्तर पर ही संतुष्टिपूर्वक त्वरित निराकरण हो, इसे ध्यान में रखते हुएए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (शिकायत) पुलिस मु यालय भोपाल डीसी सागर ने नगरीय पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली।**

बैठक में कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, असि. कमिश्नर अमितसिंह, एडी. कमिश्नर (क्राइम) मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित सभी पुलिस उपायुक्तगण एवं सभी थाना प्रभारीगण उपस्थित रहें। इस दौरान एडीजी डीसी सागर द्वारा सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में चर्चा की और प्राथमिकता के आधार पर आमजन की समस्याओं की शिकायतों बीके संतुष्टि पूर्वक निराकरण लेवल 1 एवं लेवल 2 स्तर पर कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर नाबालिक बच्चों के अपहरण एवं महिला संबंधी शिकायतों के निराकरण पर विशेष जोर दिया जाए। सभी थाना प्रभारियों से कहा कि थाना हमारी प्राथमिक इकाई है, यदि यहीं पर फरियादियों की संतुष्टिपूर्वक कार्यवाही हो जाएगी तो, आगे शिकायतों की सं या अपने आप कम हो जाएगी। इस ओर विशेष ध्यान देवें और शिकायतों के केवल निराकरण ही नही, अपितु कार्यवाही कर फरियादी को पूर्ण संतुष्टि प्रदान करने का हरसंभव प्रयास करें।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि आमजन की सुविधा व उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ही पुलिस प्रशासन है। पीडितों की छोटी से छोटी शिकायतों को भी पूर्ण गंभीरता से लिया जाए और उनके त्वरित व संतोषजनक निराकरण हेतु विशेष प्राथमिकता के साथ कार्यवाही की जाए। फरियादी सबसे पहले शिकायत लेकर थाने ही आता है तो वहीं उससे अच्छा व्यवहार करें, ध्यानपूर्वक उसकी समस्या सुनें और उसके समाधान के लिए विधिनुसार हरसंभव प्रयास कर त्वरित कार्यवाही कर आवेदक को अवगत कराएं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण समय सीमा में करने के लिए भी निर्देशित किया।

# बेटे-बहू का विवाद सुलझाने गई मां की मौत

## पत्थर का चकला सिर में मारा, पत्नी भी घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी में एक बेटे ने अपनी मां को पत्थर का चकला मार दिया। इस हमले में आरोपी की पत्नी भी घायल हुई है। बुधवार रात वह बहू और बेटे के बीच का विवाद सुलझाने पहुंची थी। इसी दौरान पत्नी और मां पर आरोपी ने हमला कर दिया।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतिका रेखाबाई (62) गणपत भावे निवासी ऋषि पैलेस कॉलोनी की है, वही घायल पिंकी है। पिंकी ने बताया कि उसका पति से विवाद चल रहा है तो वह अलग रह रही है। पति शंकर और सास रेखा बाई बालदा कॉलोनी में रहते है। रात में सास शंकर को लेकर समझाइश देने पहुंची थी। बातचीत के दौरान शंकर दोनों को अपशब्द कहने लगा। जिसमें उसने पहले पिंकी पर पत्थर के चकले से हमला किया। इसके बाद मां के सिर पर भी चकला दे मारा। दोनों को घायल अवस्था में पहले जिला अस्पताल भेजा गया, बाद में एमवाय रेफर किया गया। यहां पर रेखा बाई की देर रात मौत हो गई। वही पिंकी का उपचार चल रहा है। रेखा बाई की मौत की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिवार से पूछताछ की। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया गया है।

# मंगलसूत्र लुटेरों की तलाश के लिए पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समीपस्थ महू के जैन गली में मंगलवार रात को राह चलती महिला के गले से बदमाशों ने सोने का मंगलसूत्र झपटने की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद पुलिस ने बदमाशों को पकडऩे के लिए तीन टीम बनाई है। वहीं बुधवार को दोपहर में इंदौर ग्रामीण एसपी हितिका वासल, एएसपी रुपेश द्विवेदी व थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने भी घटनास्थल का दौरा करने के साथ ही फरियादी महिला से चर्चा की। यहां जैन गली में दोपहर 4 बजे करीब अधिकारी पहुंचे व पहले घटनास्थल का दौरा किया। इसके बाद फरियादी महिला से उन्होंने पूछताछ करने के साथ ही वारदात की पूरी जानकारी ली। वहीं घटना के दूसरे दिन कोतवाली पुलिस ने बदमाशों को पकडऩे के लिए तीन टीमों का गठन किया है। इसमें टीम शहर के अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जिससे की बदमाश का किसी तरह का सुराग मिल सकें।

# विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक सेवा के बारे में जानकारी और जिम्मेदारियों का बोध कराने के लिये चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगता का आयोजन शासकीय अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 में किया गया। प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि जिला विधिक सेवा द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय की छात्राओं ने बहुरंगों का उपयोग कर दर्शनीय एवं नयनाभिराम चित्रों और स्लोगनों के पोस्टर बनाये। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम रिया हरिओम नागौरी, द्वितीय निकिता रामकुमार गरोठिया एवं तृतीय नीलू बालमुकुंद सुमन रहे, उन्हें पुरस्कृत किया गया। सांत्वना पुरस्कार दीया सुनील वडनेरे को प्रदान किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में करिश्मा मोनू केवट को प्रथम, महक राजेश जयसवाल को द्वितीय एवं योगिता रिंकू लोदवाल को तृतीय पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता की निर्णायक स्मिता जैन, शीपांगी जोशी और छाया पाटिल एवं सुषमा राठौर थीं। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी श्री पूनमचंद परमार भी उपस्थित थे।

# पार्टी में नहीं बुलाया तो कर दिया घायल

## युवक पर आरोपी ने चाकू से किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पार्टी में नहीं बुलाने पर आरोपी ने युवक पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गया। रावजी बाजार पुलिस के अनुसार राहुल पिता जयकुमार वर्मा निवासी दौलतगंज ने बताया कि मंगलवार को दोस्त आयुष और यश मिलकर कच्चा मसानिया धर्मशाला में पार्टी कर रहे थे। तभी दगडू उर्फ हेमराज निवासी हरिजन कॉलोनी आया। बोला कि मुझे क्यों नहीं बुलाया, मुझे भी पार्टी में शामिल करो। मैंने मना कर दिया तो उसने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। फिर धमकी दी की अगली बार पार्टी में शामिल नहीं किया तो जान से मार दूंगा।

# गुम किशोर-किशोरी को चंद घंटों में ढूंढ निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस थाना राऊ में अलग-अलग जगह से एक बालक और एक किशोर वय की बालिका के गुम हो जाने पर परिजनों की शिकायत पर कुछ ही घंटों में तलाश कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से बच्चों के परिजनों ने आभार प्रकट किया है। थाना प्रभारी राजपालसिंह राठौर के अनुसार गत 4 नवंबर को झूलेलाल नगर और कमलनगर से एक 12 साल के बालक एवं 13 साल की बालिका के गुम हो जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। दोनों नाबालिग थे इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाकर एसआई दारा सिंह मुजाल्दे, एएसआई मो. अमीन खान, प्र. आर. प्रेम नारायण, बलराम चौहान, निलेश सुरालकर, अजय चौहान, आर. देवेंद्र, शमंक तिवारी, जितेंद्र, सुनील एवं महिला आरक्षक ज्योति त्रिपाठी की टीम गठित की गई। टीम ने कार्यवाही शुरू करते हुए वायरलेस पर प्रसारण करवाया। टीम के अथक प्रयास करने पर कई सारे कैमरे खंगालने के बाद बालिका को भोपाल से एवं बालक को इंदौर रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब किया गया। परिजनों को सकुशल बच्चे मिलने पर उन्होंने पुलिस को धन्यवाद दिया।

# महिला को अश्लील इशारे किए, आरोपी हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शादीशुदा महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है, जिसमें महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राऊ पुलिस के मुताबिक, इलाके में रहने वाली एक महिला की शिकायत पर सुशील यादव के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार को वह गेट के बाहर खड़ी थी, तभी सुशील यादव उसे देखकर सीटी बजाने लगा। जब उसने आरोपी की ओर देखा, तो उसने आंखों से अश्लील इशारे किए। इसके बाद, पीड़िता ने अपने पति को इस घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने बताया कि सुशील कई दिनों उसे लगातार परेशान कर रहा है और कई बार अश्लील इशारे कर चुका है। घर से कहीं आने-जाने पर वह उसका पीछा करता है। उसकी हरकतों को नजरअंदाज करने से उसकी हिम्मत बढ़ गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# 16 दिसंबर को इंदौर से भारत गौरव ट्रेन रवाना होगी

## रामेश्वरम, तिरुपति और कन्याकुमारी देख सकेंगे पर्यटक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देश के पर्यटक स्थलों को बढ़ावा देने के लिए रेल विभाग ने देखो अपना देश योजना के तहत भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों की संचालन शुरू किया है। इसके तहत इंदौर से दक्षिण भारत के लिए इंदौर को भी एक ट्रेन मिली है।**




यह ट्रेन 16 दिसंबर को इंदौर से रवाना होगी, जो दक्षिण भारत के रामेश्वरम, तिरुपति, कन्याकुमारी के अलावा अन्य स्थलों की सैर कराएगी। यह ट्रेन मदुरई, त्रिवेंद्रम भी जाएगी। इसका संचालन इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड कर रहा है। यात्रा में कई सुविधाएं मिलेगी। यह ट्रेन इंदौर के अलावा देवास, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, शाजापुर, इटारसी, बैतूल और नागपुर स्टेशनों से जाएगी और प्रदेश के लोग इन स्टेशनों से सवार हो सकते है। नौ दिन और 11 दिनों तक की यात्रा के दौरान दक्षिण भारत के पर्यटक स्थलों की सैर कराएगी। रतलाम रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि इस ट्रेन की स्लीपर श्रेणी का किराया 18 हजार, थर्ड एसी का 29 हजार और सेकंड एसी का 39 हजार रुपये रहेगा। इस यात्रा में शामिल होने वाले यात्रियों को रुकने, सड़क परिवहन, बसों से पर्यटक स्थलों तक जाने की सुविधा दी जाएगी। यह ट्रेन विशेष एलएचबी रैक के साथ चलेगी। इस यात्रा के लिए कई यात्रियों ने बुकिंग कर दी है।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महिला की हत्या करने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गांधीनगर पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस आरोपी की पिछले छह माह से तलाश कर रही थी। उसने महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के मुताबिक खजराना क्षेत्र निवासी रुखसाना की सुपर कोरिडोर क्षेत्र में जावेद अब्बासी निवासी जूना रिसाला ने चाकू मार कर हत्या कर दी थी। आरोपी रुखसाना को बाइक पर बात करने के बहाने ले गया था।घटना के बाद जावेद फरार हो गया। पुलिस ने कईं जगह दबिश दी लेकिन वह हाथ नहीं आया। कल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली तो जावेद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# जम्मू-कश्मीर में शहीद जवान का अंतिम संस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर मालवा।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सड़क हादसे में शहीद आर्मी जवान बद्रीलाल यादव (32) का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। आगर मालवा के पैतृक गांव नरहल में शहीद के दोनों ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। इस दौरान हजारों गांववालों ने नम आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी। इससे पहले शहीद की पार्थिव देह को इंदौर एयरपोर्ट लाया गया। यहां से सड़क मार्ग से शव को पैतृक गांव नरवल लाया गया। पूरे रास्ते शव वाहन पर लोगों ने फूल बरसाकर शहीद को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद नरवल में शव को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। यहां शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान मंत्री गौतम टेटवाल ने भी पुष्प चक्र अर्पित किए।

# एमपी में वनाधिकार और पेसा कानून सटीक और प्रभावी तरीके से लागू होंगे, टॉस्क फोर्स गठित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य में वन अधिकार अधिनियम (FRA) और पेसा कानून (PESA) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक 13 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गठित इस टास्क फोर्स में विभिन्न विभागों के मंत्री और अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह टास्क फोर्स दो साल के कार्यकाल के लिए बनाई गई है और राज्य में कानूनों के कार्यान्वयन में सुधार और अनुकूलन के लिए काम करेगी। टास्क फोर्स में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ-साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, जनजातीय कार्य विभाग मंत्री विजय शाह, और वन मंत्री रामनिवास रावत को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन को पदेन सदस्य सचिव के रूप में शामिल किया गया है। टास्क फोर्स शीर्ष समिति की साल में दो बार बैठक करेगी। इसके अलावा, आवश्यकता होने पर कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई जा सकती है। राज्य में वन अधिकार अधिनियम के तहत चिन्हांकित और संभावित क्षेत्रों की



जिलेवार सूची तैयार की जाएगी। साथ ही अन्य संभावित क्षेत्रों के चिन्हांकन के लिए संस्तुति भी प्रदान की जाएगी। जिलेवार आधार पर लंबित प्रकरणों का आकलन किया जाएगा ताकि सीएफआरआर प्रावधानों के अंतर्गत मामलों का समयबद्ध निपटारा हो सके। पेसा और वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों को राज्य में प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए राज्य शासन के संबद्ध विभागों को अनुशंसाएं दी जाएंगी। FRA से जुड़े विषयों के लिए डीएलसी और पेसा से जुड़े विषयों के लिए जिला पंचायतों को संभावित कार्य योजनाएं तैयार करने के लिए सुझाव दिए जाएंगे। प्रस्तावित अनुशंसाओं पर कार्य योजना और समय सीमा के अनुसार क्रियान्वयन की निगरानी और मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, टास्क फोर्स अन्य आवश्यक सुधारों या अनुशंसाओं को भी लागू करने पर विचार करेगी।

# बीजेपी के संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की मोहन कैबिनेट ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण देने का फैसला किया है। इस फैसले से यह साफ हो गया है कि बीजेपी महिला वोटर्स पर अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने देना चाहती। अगले महीने में संभावित बीजेपी के संगठन चुनाव में महिला नेत्रियां मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष के चुनाव में दावेदारी करेंगी। 21 नवंबर को दिल्ली में बीजेपी के संगठन चुनाव को लेकर बैठक होगी। इस बैठक में एमपी के चुनाव अधिकारी विवेक शेजवलकर, सह चुनाव अधिकारी रजनीश अग्रवाल, जीतू जिराती, अर्चना चिटनीस, और डॉ. प्रभुलाल जाटव शामिल होंगे। इसी बैठक में मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का शेड्यूल और टाइमलाइन जारी होगी। बीजेपी ने 2 सितंबर से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलाया। इसके बाद सक्रिय सदस्यता का अभियान चला। अब बीजेपी के संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत 14 नवंबर से 20 नवंबर तक एमपी में बूथ समितियों के चुनाव होंगे। इसमें बूथ अध्यक्ष सहित 11 सदस्यीय बूथ समिति का गठन किया जाएगा।

# टंकी में गिरने से 2 साल की मासूम की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा में दो-दो साल की मासूम दो बच्चियों की अलग-अलग हादसे में मौत हो गई। एक पानी की टंकी में डूब गई तो वहीं, दूसरी की करंट लगने से जान गई है। शवों के पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना थाना पंधाना क्षेत्र के ग्राम दीवाल की है। यहां मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब बच्ची को करंट लग गया। पुलिस के मुताबिक, घर में इलेक्ट्रिक वायरिंग में फाल्ट होने से हादसा हुआ है। डॉक्टर ने दो वर्षीय शीतल पिता दिनेश बडोले को मृत घोषित कर दिया।

# 50 साल पुरानी दूल्हा- दुल्हन की बैलगाड़ी में किसान लहसुन बेचने आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** देश भर में लहसुन के भाव बढ़ रहे हैं, बढ़ते हुए भाव की वजह से जहां एक तरफ लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं दूसरी तरफ मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में मंडी में लहसुन की नीलामी ऐसे हुई कि लोग देखते ही रह गए, यहां पर 50 साल पुरानी दूल्हा- दुल्हन की बैलगाड़ी में किसान लहसुन बेचने आया, जिसकी ट्राली को फूलों से सजाया गया था, इसे देखने और लहसुन के दामों को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा.



जानकारी के अनुसार पता चला है कि रतलाम में दिवाली के बाद मंडी शुरू हुई, रतलाम में लहसुन की नीलामी के लिए किसानों का खासा उत्साह दिखा, किसान लहसुन को ट्रालियों में गुलाब के फूलों से सजाकर मंडी लाए, वहीं गांव भटूनि कीक किसान शंकर सिंह मुहूर्त में लहसुन नीलामी के लिए अपनी 50 साल पुरानी बैलगाड़ी में लहसुन लेकर आए, यह बैलगाड़ी भी खास है इसे उस समय छकडी कहा जाता था और यह आज की वीआईपी गाड़ी हुआ करती थी, जिसमें बड़े सेठ घुमा करते थे और शादी में दूल्हा दुल्हन के लिए यही छकडी बारात की शान होती थी. बता दें कि मुहूर्त में बैलगाड़ी में लगाए लहसुन की नीलामी 71 हजार 171 रुपये में हुई.

# गर्भवती महिला को तीसरी मंजिल से फेंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक गर्भवती महिला को तीसरी मंजिल से फेंकने का मामला सामने आया है। घायल हालत में महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल महिला के परिजनों का आरोप है कि पति, उसकी पहली पत्नी, सास और दो बहनों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। पहली पत्नी दीपावली वाले दिन घर आई थी, जिसे लेकर दूसरी पत्नी ने अपने पति से झगड़ा किया था और पति ने धोखे में रखकर दूसरी शादी की थी। इस वारदात के बाद ससुराल वाले घर में ताला लगाकर फरार हो गए हैं। दोनों ही



पति-पत्नी की यहां दूसरी शादी हुई है। वहीं पुलिस ने घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। दरअसल ग्वालियर देहात पिछोर गतारी गांव की रहने वाली रचना कुशवाह नाम की महिला की दूसरी शादी फरवरी 2024 में झांसी रोड थाना क्षेत्र के कोठी गांव में रहने वाले बबलू कुशवाह से हुई थी। दोनों पति-पत्नी पहले से ही शादीशुदा थे और दोनों ने ही डिवोर्स देकर यहां दूसरी शादी की थी। सब कुछ घर में ठीक-ठाक चल रहा था, लेकिन रचना को घर की तीसरी मंजिल से किसी ने उसे फेंक दिया। तीसरी मंजिल से फेंकने पर रचना गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका पता चलते ही रचना के परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे और एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों का आरोप है कि रचना के पति बबलू और बबलू की पहली पत्नी रानी, उसकी सास कमला बाई और देवरानी कमलेश, ज्योति ने मिलकर उसे छत से धक्का दिया है। जबकि रचना चार माह की प्रेग्नेंट महिला है और उसके पेट में दो जुड़वा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है जिसकी वजह बबलू की पहली पत्नी रानी है। बबलू ने झूठ बोलकर उनकी बेटी रचना से शादी की थी। उसने पहली पत्नी को डिवोर्स देने की बात बताई थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ था और वहां दीपावली वाले दिन बबलू के घर पहुंची थी। रानी ने घर पर दिवाली मनाई थी। इस बात पर रचना और उसके पति बबलू के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद उन सब ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। इसकी शिकायत उन्होंने थाने में की है। उनकी इस शिकायत पर पुलिस हरकत में आई और तहसीलदार को बुलाकर घायल महिला के बयान कराए।

## संपादकीय

# बस हादसे का जिम्मेदार कौन? सरकार-पुलिस प्रशासन या ड्राइवर

उत्तराखंड के अल्मोडा में सोमवार को हुए त्रासद बस हादसे से एक बार फिर यही साबित हुआ है कि आए दिन बडी दुर्घटनाओं के बावजूद हर स्तर पर लापरवाही बनी हुई है और कोई सबक लेना जरूरी नहीं समझा जाता। गौरतलब है कि पहाड की घुमावदार सडकों से गुजरने वाली बस में क्षमता से ज्यादा यात्रियों को लाद लिया गया था। इसका नतीजा यह हुआ एक मोड पर बस असंतुलित होकर फिसली और डेढ सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। उसमें सवार कम से कम छत्तीस लोगों की जान चली गई और कई बुरी तरह घायल हो गए। खबरों के मुताबिक, बस पुरानी और खस्ताहाल थी। सवाल है कि क्या वह बस किसी छिपे तरीके या रास्ते से गुजर रही थी कि उसकी खराब हालत पर पुलिस या किसी जिम्मेदार व्यक्ति की नजर नहीं पडी और उसे रोकना जरूरी नहीं समझा गया? घटनास्थल से प्राप्त ब्योरों से ऐसा लगता है कि इस त्रासद हादसे के लिए न सिर्फ बस चालक या मालिक जिम्मेदार हैं, बल्कि पुलिस या प्रशासन के अधिकारियों ने भी अपने दायित्व से मुंह मोड लिया था। विचित्र है कि पहाडी इलाकों में काफी ऊंचाई पर बनी संकरी सडकों के मद्देनजर खतरनाक या उच्च जोखिम वाली जगहों की पहचान करके वहां सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त इंतजाम करने की भी अनदेखी की जाती है। अल्मोडा की सडकें कुछ अधिक जोखिमभरी मानी जाती हैं, इसलिए उन पर अतिरिक्त सावधानी की दरकार होती है। जिस जगह बस खाई में गिर गई, अगर वहां 'पैराफिट' या 'क्रैश बैरियर' होता तो ऐसी त्रासदी से बच पाने की उम्मीद की जा सकती थी। मगर ज्यादा यात्रियों की वजह से बस असंतुलित हुई और चालक उसे संभाल नहीं पाया, बस सीधे खाई में जा गिरी। जबकि पहाडी इलाकों में सडकों के किनारे जरूरी सुरक्षा घेरे को मजबूत और दुरुस्त रखने को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। मगर विडंबना है कि हर समय चौडी सडकों और विकास का राग अलापती सरकारें हादसों की वास्तविक स्थितियों और वजहों से तब तक आंखें मूंदें रखती हैं, जब तक कोई बडा हादसा न हो जाए और उसमें नाहक ही लोगों की जान न चली जाए।

**अर्ज़ किया है..!**

*किसी की मेहरबानी से*
*मोहब्बत मुतमइन क्या हो*
*मोहब्बत तो मोहब्बत से भी*
*आसूदा नहीं होती*

*- नज़ीर सिद्दीक़ी*

धर्म-कर्म

# छठ पूजा की व्रत कथा

## इसको पढ़ने से पूरा होता है छठ का व्रत, मिलता है छठी मइया का आशीर्वाद

आज देश भर में छठ का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। छठ पूजा में आज षष्टी तिथि को सूर्यास्त के वक्त डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है सूर्य भगवान की पूजा की जाती है। पूजा के बाद छठ पूजा की कथा का पाठ किया जाता है। मान्यता है कि इस कथा का पाठ करने के बाद ही आपकी छठ की पूजा संपूर्ण मानी जाती है। आइए जानते हैं छठ पूजा की व्रत संपूर्ण व्रत कथा विस्तार से।

### छठ पूजा की संपूर्ण व्रत कथा

श्रीजनमेजय ने वैशम्पायन से पूछा कि, दुरात्मा दुर्योधनादि द्वारा कपटरूप जुआ से परास्त पाण्डव लोग बनवास के लिए भेजे गए तो जंगल में जाकर उन्होंने क्या किया?

वैशम्पायन जी बोले, हे जनमेजय ! सुनो, वह पाण्डु के पुत्र पाण्डव लोग अत्यन्त दुःख सागर में डूबे हुए बनवास के लिये घोर जंगल में जाकर दुःख और चिन्ता से चिन्तित हो वन में रहने लगे। वन के फल- फूल खाकर पृथ्वी तल में शयन करते हुए केला और भोजपत्र का वस्त्र पहन कर दुःख से दिन काटने लगे।राजकन्या सुख को भोगने वाली पतिव्रता धर्म को पालती हुई गजगामिनी द्रौपदी भी पतियों के साथ वन को गई थी। जिस स्थान में द्रौपदी सहित पाण्डव लोग थे, वहाँ पर वे ब्रह्मवेत्ता तपोरूप अट्ठासी हजार मुनि लोग जा पहुंचे। ऋषियों को आये हुए जानकर महाराज युधिष्ठिर अत्यन्त चिंता से घबड़ा उठे कि इन महात्माओं के भोजन के लिए क्या प्रबंध करें। जब युधिष्ठिर को यह चिंता हुई कि भोजनार्थ क्या उद्योग करें तो मुख को चेष्टा मलिन किए स्वामी युधिष्ठिर को देखकर द्रौपदी अत्यन्त दुःख से व्याकुल हो गयी। उसी क्षण द्रौपदी निज पुरोहित महाराज धौम्य को पवित्र आसन पर बैठाकर प्रदक्षिणापूर्वक नमस्कार करके नेत्रों में आंसू भरकर कुलधर्मरक्षक द्रौपदी प्रेमपूर्वक गद्गद वचन बोली-हे धौम्य। -हे धौम्य। हे महाभाग इन दुःखित पाण्डु पुत्रों को देखो। हे स्वामिन् । इनके दुःख को देखकर क्या आपका हृदय दुखी नहीं होता। दुःख नाशार्थ कोई व्रत मुझसे कहिये, जिससे इनका क्लेश शान्त होवे। थोड़े ही उपाय से प्रत्यक्ष महत्पुण्य को देने वाला व्रत कहिये जिससे हमारे स्वामी पृथ्वीतल में सुखी होवें। जिससे शत्रु का नाश होवे, निज राज्यलक्ष्मी वापस मिलें और इस समय हमारे यहाँ आये हुए ब्राह्मणों को दुग्धपान करने को मिल जावे। हे महाभाग !हे महाविभो। ऐसा कोई उपाय वर्णन करिये। द्रौपदी के यह वचन सुनकर वैशम्पायन जी जनमेजय जी से कहते हैं- ब्राह्मणों में श्रेष्ठ महाराज धौम्य जी प्रसन्न होकर मुहूर्त्तमात्र ध्यान-स्थित होकर द्रौपदी से बोले। हे पाञ्चालपुत्रि। एक उत्तम व्रत को सुनो, जिस व्रत को पूर्व समय में नागकन्या के उपदेश से सुकन्या ने किया था। हे महाभागे! स्त्रियों के साथ तुम अनेक विघ्नों को शान्त करने वाले रविषष्ठी व्रत को करो।

द्रौपदी बोली- हे विप्र। आपका कहा हुआ व्रत कैसा है और उसकी विधि क्या है? इस व्रत में किसका पूजन किया जाता है, वह नाग-कन्या कौन थी और किस हेतु उसने इस उत्तम व्रत को किया था।। हे महाभाग। वह सुकन्या अत्याश्चर्य रूपी व्रत को करने वाली कौन थी? हे शरणागतवत्सल। मेरे इस संशय का आप



निवारण कीजिये।

इस भाँति द्रौपदी के प्रश्नों को सुनकर धौम्यजी बोले- हे देवि। सत्ययुग में एक शर्याति नामक राजा थे, जिनके एक हजार स्त्रियां थी, जिनसे एक ही कन्या उत्पन्न हुई थी। उस राजा के कन्या को छोड़कर दूसरी सन्तान न होने के कारण वह कन्या अतिप्रिय थी और वह पिता के घर में वृद्धि को प्राप्त होने लगी। कुछ समय के बाद वह कन्या चन्द्रवत् मुख, कमलवत् नेत्र और कुम्भस्तनी होती हुई युवावस्था को प्राप्त हुई। बाल्यावस्था से ही वह कन्या पिता को प्राण के समान प्रिय थी। इस पृथ्वीलोक में उसके सदृश दूसरी कोई ऐसी कन्या न थी कि जिसको हमने देखा हो। इससे उसका सुकन्या नाम पड़ा। एक समय राजा शर्याति मृगया (शिकार) के लिये। मन्त्री, सेना, बड़े-बड़े योधा और पुरोहित को संग में लेकर घोर जंगल को गये। शिकार खेलने के निमित्त राजा को जंगल में वास करते हुए दस दिन व्यतीत हो गये। राजा शर्याति दिन में शिकार खेलकर रात्रि में स्त्रियों के साथ क्रीड़ा करते हुए जंगल में रहने लगे। एक समय सखियों के साथ सुकन्या फूल लेन के लिए जंगल में गई। वहां पर च्यवन मुनि का स्थान था। सुकन्य मुनि की देह में दीमक लगी देखकर, क्या देखती है कि मिट्टी के मध्य में मुनि के दोनों नेत्र जुगनु की भाँति चमक रहे हैं, उसने विस्मित होकर उनकी दोनों आँखों को फोड़ दिया। तब तो मुनि के नेत्रों से रुधिर की धारा बहने लगी और वह चकोराक्षी सुकन्या फूलों को लेकर सखियों के साथ गृह को चली आयी। च्यवन मुनि के नेत्र सुकन्या द्वारा जो फोड़ दिये गये इससे राजा और सेना का मल-मूत्र आदि सब बन्द हो गया और सभी हाहाकार करने लगे। जब तीन दिन और रात्रि व्यतीत हो गई तो व्याकुल होकर अपने पुरोहित से राजा ने पूछा-हे मुनिसत्तम। किस हेतु हमारा मल-मूत्र बन्द हो गया सो आप दिव्य दृष्टि से देखकर कहिये।

पुरोहित जी बोले- हे राजन्। भार्गववंशी च्यवन नामक एक ऋषि इसी वन में घोर तपस्या कर रहे हैं। जिनके शरीर में दीमक लगकर मांस खा गये हैं तथा हड्डी मात्र मिट्टी से लिपटी है। हे राजन्! आपकी कन्या ने अज्ञानतावश उन महाराज के दोनों नेत्र काँटों से फोड़ दिया है, जिससे रुधिर बह रहा है। उन्हीं के क्रोध से यह कष्ट उपस्थित हुआ है। सो हे राजन्। आप उनको प्रसन्न करिये और अपनी कन्या उन्हें दे दीजिये। कन्या-दान से यह मुनि च्यवन जी प्रसत्र हो जायेंगे। यह पुरोहित के वचन सुनकर राजा शर्याति सुकन्या को साथ लेकर ऋषि के पास गये और जल छोड़ने पर हड्डी मात्र के दर्शन हुए। नेत्र-हीन ऋषि को देखकर राजा बोले- हे प्रभो। मेरी कन्या से अनजान में यह अपराध हुआ है जिससे आपके ये नेत्र फूट गये हैं। हे मुनिवर्य। आपकी सेवा के हेतु हम अपनी कन्या आपको देते हैं। जिसमें आपको कष्ट न होवे। राजा के वचन सुनकर ऋषि जी बड़े प्रसन्न हुए। उसी समय राजा शर्याति ने सुकन्या को ऋषि के लिये दान कर दिया। राजा से कन्या पाकर मुनि अति प्रसन्न हुए और क्रोध शान्त हो गया। तब राजा को मल मूत्र हुआ और सेना सहित प्रसन्न चित्त राजा अपने देश को गये। वह सुकन्या नेत्रहीन च्यवनजी की सेवा करने लगी।

वह सुकन्या कार्तिकमास में एक दिन जल के हेतु कर दिया। पुष्करिणी (छोटे तालाब) में गई, वहाँ पर उसने अनेक आभूषणों से युक्त नागकन्या को देखा। श्रीकश्यप जी के यज्ञमण्डप में सूर्य भगवान् का पूजन करती हुई नागकन्या को देखकर सुकन्या धीरे से पास जाकर पूछती है। हे महाभागे। आप क्या करती हैं? किस कारण यहाँ आई हैं? सुकन्या के इस वचन को सुनकर नाग-कन्या बोली कि। हे साध्वि मैं नाग-कन्या हूँ, व्रत धारण कर कश्यप जी के पूजनार्थ यहाँ आयी हूँ। सुकन्या बोली- इस व्रत का और पूजा का क्या प्रभाव है? क्या फल है? इस पूजा की विधि क्या है? किस महीने और किस तिथि को यह उत्तम व्रत किया जाता है।। नागकन्या ने कहा- कार्तिक शुक्ल षष्ठी को सप्तमी युक्त होने पर सर्वमनोरच सिद्धि के लिये यह व्रत किया जाता है। व्रती को चाहिये कि पंचमी के दिन नियम से व्रत को धारण करें। सायंकाल में खीर का भोजन करके पृथ्वी पर सोवे। छठ के दिन व्रत रहे। दिन में चार रंगों से सुशोभित मण्डप में सूर्यनारायण का पूजन करे और रात्रि में जागरण करे। अनेक प्रकार के फल और पक्वान आदि का नैवेद्य और सूर्यनारायण की प्रीति के लिए गीत-वाद्य आदि से गा-बजाकर उत्सव मनावे।

जब तक सूर्यनारायण का दर्शन न होवे तब तक व्रत धारण किये रहे। प्रातःकाल सप्तमी को सूर्यनारायण के दर्शन करके अर्घ्य देवे। दूध, नारियल, कदलीफल, पुष्प चंदन से बारह नाम सूर्य के हैं, उन्हीं के नामों का उच्चारण करते हुए और प्रत्येक नाम से दण्डवत्-प्रणाम करते हुए अर्घ्य देवे। जगत् के सविता, जगत् के नेत्र, जगत् के उत्पत्ति-पालन-नाश के हेतु त्रिगुण रूप, त्रिगुणात्मा, ब्रह्मा, विष्णु, शिवरूप सूर्यनारायण को नमस्कार है।। इस प्रकार इस व्रत के करने से सूर्यनारायण महाघोर कष्ट को दूर करके मनवांछित फल को देते हैं। हे सुव्रते। हमने यह रविषष्ठी व्रत तुमसे कहा।श्री धौम्य जी ने कहा हे द्रौपदी। नाग-कन्या के इस वचन को सुनकर सुकन्या ने इस उत्तम व्रत को किया। इसी व्रत के प्रभाव से च्यवन महाराज के नेत्र पुनः पूर्ववत् हो गये। ऋषि होकर सुख भोगने लगे। इससे हे पाञ्चालनन्दिनी। तुम भी इस उत्तम व्रत को करो। इसी व्रत के प्रभाव से तुम्हारे पति पुनः राज्यलक्ष्मी को पाएंगे और निःसन्देह तुम्हारा कल्याण होगा।

तब द्रौपदी ने धौम्य महाराज की आज्ञा से यह यथाविधि व्रत किया तो युधिष्ठिरजी ने अतिथि रूप में आये हुए ब्राह्मणों को भोजन देकर प्रणाम किया। वैशम्पायन जी ने कहा-हे जनमेजय! धौम्यजी से इस उत्तम व्रत को जानकर द्रौपदी ने किया और इसी व्रत के प्रभाव से द्रौपदी पाण्डवों सहित पुनः राज्यलक्ष्मी को प्राप्त हुई। जो कोई स्त्री इस पुनीत व्रत को करेगी उसके समस्त पाप नाश होकर सुकन्या की भाँति पति सहित सुख को पावेगी। इस व्रत का विधिवत् उद्यापन करें, विधि-विधान से प्रत्येक वर्ष व्रत करते हुए कथा को सुनें, ब्राह्मणों को दक्षिणा देवे तो उसका मनोरथ सिद्ध होता है। जो कोई भक्तियुक्त इस कथा को सुनता है, उसको पुत्र, पौत्र, धन-सम्पत्ति तथा अक्षय सुख मिलता है। इस भाँति कथा को सुनकर सूर्यनारायण को अर्घ्य देकर नमकस्कार करते हुए श्रोता निज-निज घर को जावें।

New Delhi

# वेश्याओं से संबंध बनाने वाला चलाएगा अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर भड़के मणिशंकर अय्यर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर निराशा जाहिर कर रहे हैं। उन्होंने ट्रंप को संदिग्ध चरित्र वाला व्यक्ति करार दिया है। साथ ही कहा है कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने डेमोक्रेट नेता कमला हैरिस को कम समय दिए जाने की बात कही है। ट्रंप ने 295 इलेक्टोरल वोट हासिल किए। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में अय्यर ने कहा कि ट्रंप को नहीं जीतना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत दुख है कि डोनाल्ड ट्रंप जैसे संदिग्ध चरित्र वाले व्यक्ति को दुनिया के सबसे ताकतवर लोकतंत्र का राष्ट्रपति नहीं चुना जाना चाहिए था। मैं यह



भी मानता हूं कि पीएम मोदी और ट्रंप का व्यक्तिगत स्तर पर खास तालमेल है। मुझे लगता है कि यह पीएम मोदी और उनकी प्राथमिकताओं को बुरा दर्शाता है।' डेमोक्रेट प्रत्याशी को लेकर उन्होंने कहा, 'कमला हैरिस की जहां तक बात है, तो उन्हें बहुत कम समय दिया गया था। वह बाद में आईं थीं। वह बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही थीं, लेकिन अमेरिकी समाज की गहरी खामियां उनके खिलाफ एकजुट हो गईं और वह इस रेस में हार गईं। यहां नैतिक आयाम गायब था।' हैरिस को 226 इलेक्टोरल वोट मिले। अय्यर ने कहा, 'यह बहुत दुखद है कि इतने ताकतवर देश की अगुवाई ऐसा व्यक्ति करेगा, जो 34 अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया गया है और जिसने वेश्याओं से संबंध बनाकर और अपने पापों के छिपाने के लिए रुपये देकर बदनामी कराई।

Uttarpradesh

## गुरुग्राम में गरजा बुलडोजर, 10 कॉलोनियां जमींदोज; क्या थी वजह



**गुरुग्राम, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर में प्रशासन का लगातार बुलडोजर ऐक्शन जारी है। प्रशासन ने एनसीआर के कई इलाकों में बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जों को हटाया है। बीते कई दिनों से चल रहा बुलडोजर अभियान बुधवार को गुरुग्राम में भी गरजा। यहां की 10 अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया गया है। गुरुग्राम नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने बुधवार को गांव भौंडसी और अलीपुर में अवैध रूप से पनप रही कॉलोनियों में बुलडोजर चलाया। इन दोनों गांवों में खेतीहर जमीन पर बिना मंजूरी लिए 10 कॉलोनियों को भूमाफियाओं की तरफ से जमीन मालिकों से सांठ-गांठ करके विकसित किया जा रहा था। गुरुग्राम की इन कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाने के साथ-साथ तहसीलदार को इनमें रजिस्ट्री नहीं करने को लेकर पत्र लिखा है। जमीन मालिकों और भूमाफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए पुलिस विभाग को पत्र लिखा है। ये तोड़फोड़ डीटीपीई मनीष यादव के नेतृत्व में हुई। सबसे पहले तोड़फोड़ दस्ता गांव अलीपुर में पहुंचा। यहां सात एकड़ में तीन कॉलोनियां विकसित हो रही थी। एक मकान का निर्माण हो रहा था। 400 मीटर की चारदीवारी हो रही थी। सड़क का निर्माण कर दिया था। तोड़फोड़ दस्ते ने बुलडोजर से इन्हें मलबे में मिला दिया। इसके बाद तोड़फोड़ दस्ता गांव भौंडसी में जेल रोड पर पहुंच गया। करीब 13 एकड़ में तीन कॉलोनियां पनप रही थी। 10 निर्माणाधीन मकान, 58 डीपीसी, भूमाफिया के एक कार्यालय और सात चारदीवारी को मलबे में मिलाया गया।

Uttarpradesh

## लखनऊ में रिटायर्ज जज की बेटी की 10वें फ्लोर से गिरकर मौत, पिता बोले- दामाद ने ही गिराया

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ में एक हाउसिंग सोसायटी की 10वीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर एक महिला की मौत हो गई. मृतका के पिता ने अपने दामाद पर ही बेटी की हत्या का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि उनकी बेटी को उसके पति ने ही ऊपर से गिरा दिया. इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है.

पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना एसजीपीजीआई थाना क्षेत्र के अंतर्गत वृंदावन योजना में अरावली एन्क्लेव सोसायटी में शाम करीब साढ़े पांच बजे हुई. यहां एक महिला की 10वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई. मृतक महिला दो बच्चों की मां है.

पुलिस के मुताबिक, महिला के पिता शारदा प्रसाद तिवारी एक रिटायर्ड एडिशनल जिला जज हैं. उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके दामाद ने ही बेटी की हत्या की है. उसने ही 10वीं मंजिल से गिराकर मार डाला. उन्होंने ये भी दावा किया कि दामाद उनकी बेटी प्रीति को शादी के बाद से ही पैसों के लिए परेशान कर रहा था.

Jammu & Kashmir

## जम्मू कश्मीर विधानसभा में 370 पर जबरदस्त हंगामा, विधायकों में धक्का-मुक्की और हाथापाई



**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू एवं कश्मीर विधानसभा में गुरुवार को जमकर बवाल हो रहा है. विधानसभा में पक्ष और विपक्ष के विधायकों में भिड़ंत हो रही है. यह हंगामा आर्टिकल 370 की वापसी के प्रस्ताव पर हो रहा है. कहा जा रहा है कि बारामूला से लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख ने सदन में आर्टिकल 370 का बैनर दिखाया, जिसके बाद पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच हाथापाई शुरू हो गई. बैनर दिखाए जाने का विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने विरोध किया. इसके बाद सदन को थोड़ी देर के लिए स्थगित कर दिया गया है.

खेल

### स्वियातेक को मिली हार से अरिना सबालेंका को हुआ बड़ा फायदा

# पहली बार नंबर एक के तौर पर करेंगी साल का अंत

**रियाद, (एजेंसी)** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक को कोको गॉफ के खिलाफ डब्ल्यूटीए फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। स्वियातेक की हार से हालांकि, सबसे ज्यादा फायदा अरिना सबालेंका हुआ जो करियर में पहली बार महिलाओं की रैंकिंग में साल का अंत शीर्ष पर रहकर करेंगी।



कोको गॉफ की स्वियातेक पर 6-3, 6-4 से जीत से यह तय हो गया कि बेलारूस की 26 वर्षीय खिलाड़ी सबालेंका वर्ष 2024 के आखिर में महिलाओं के रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज रहेंगी। सबालेंका ने पिछले साल सितंबर में स्वियातेक को पीछे छोड़कर कुछ समय के लिए विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। स्वियातेक हालांकि डब्ल्यूटीए फाइनल जीत कर फिर से शीर्ष पर पहुंच गई थीं। डब्ल्यूटीए ने मंगलवार को यह भी घोषणा की कि कतेरीना सिनियाकोवा साल के अंत में युगल रैंकिंग में नंबर एक पर रहेंगी। चेक गणराज्य की यह खिलाड़ी इससे पहले 2018, 2021 और 2022 के आखिर में भी महिला युगल रैंकिंग में भी शीर्ष पर रही थीं।

सबालेंका ने कहा कि वह हमेशा से सेरेना विलियम्स और हाल ही में इगा स्विएतेक की तरह दौरे पर दबदबा बनाना चाहती थीं। बेलारूसी स्टार ने यह भी कहा कि वह वर्तमान में खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह दौरे पर हावी रहें।

### सबालेंका ने इस वर्ष किया प्रभावित

इस साल सबालेंका ने ग्रैंडस्लैम में प्रभावित किया था और वह बिना सेट गंवाए दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने में सफल रही थीं। इसके बाद उन्होंने यूएस ओपन भी जीता था। इसके अलावा उन्होंने दो डब्ल्यूटीए 1000 खिताब भी अपने नाम किए थे। सबालेंका अगस्त में सिनसिनाटी ओपन और अक्तूबर में वुहान ओपन की चैंपियन बनी थीं जिससे इस सीजन उन्हें शीर्ष पर रहने में मजबूती मिली।

सिनेमा

## 'कभी डरकर काम नहीं किया क्योंकि मैं हिंदू हूं...' धर्म को लेकर मजाक उड़ाने वालों पर भड़कीं एकता कपूर



टीवी से लेकर बॉलीवुड और ओटीटी पर राज करने वाली फेमस प्रोड्यूसर एकता कपूर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एकता आज सफलता के जिस मुकाम पर हैं वहां तक पहुंचना उनके लिए आसान नहीं था। अपने करियर में एकता को न सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ बल्कि पर्सनल लाइफ में भी काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा है। उनके शोज ही नहीं वेब सीरीज को लेकर भी खूब बवाल मचा। इन दिनों एकता अपनी अपकमिंग मूवी 'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बीते दिनों इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है, जिसे लेकर फिर से बवाल मचा हुआ है। इसी बीच अब एकता ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अपने धर्म और दूसरे धर्म के लोगों को लेकर बात की। इस दौरान का वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। एकता कपूर ने 'द साबरमती रिपोर्ट' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अपनी फिल्म के साथ-साथ धर्म को लेकर उनका मजाक बनाने वालों पर भी निशाना साधा। एकता ने अपनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की कहानी को देखने की अपील करने के साथ ही हिंदू होने पर भी जोर देते हुए कहा, 'मैंने न कभी भी लाइफ में डरकर काम नहीं किया है क्योंकि मैं एक हिंदू हूं। लेकिन इसका मतलब ये कि आप सेक्युलर हो।

**Highlights**

1. **Man from Rajasthan arrested for sending death threat to Salman**
2. **Andhra HC quashes election code violation case against Allu Arjun**
3. **India cancels consular camps in Canada after attack**
4. **BJP's Mithun Chakraborty booked for 'instigating communities' with speech**
5. **BMC declares holiday in Mumbai for Assembly Polls on Nov 20**
6. **CBSE cancels affiliation of 21 schools, releases list**

# Ex-Infosys CFO Mohandas Pai slams 'excessive use of Hindi' in central government communication: 'Please do not impose'

**NEW DEIHI, (Agency).** Ex-Infosys CFO Mohandas Pai, reacting to an X share by MP John Brittas, slammed the central government for "excessive use of Hindi" as a language of communication. He called the situation "worrisome" and "wrong."

What did John Brittas share?

Communist Party of India (Marxist) MP John Brittas shared how he responded to Bharatiya Janata Party leader Ravneet Bittu in Malayalam after receiving a communication from him in Hindi.

"It has been a norm and precedent that letters addressed from Union Govt to south MPs are written in English. Lately however that's not the case, and @RavneetBittu makes it a point to write exclusively in Hindi. Am



compelled to reply him in Malayalam!" Brittas wrote, tagging Railway Minister Ashwini Vaishnaw in his post.

What did Mohandas Pai say?- Reposting the MP's X post, the industry leader wrote, "Agree this excessive use Of Hindi in central govt communication is wrong and worrisome." In his post, he tagged Prime Minister Narendra Modi and Minister of Home Affairs Amit Shah.

"Citizens are entitled to a reply in their native language or in English, not always Hindi. I know Hindi but oppose govt giving me a reply only in Hindi. Pl do not impose any one language on citizens," he added.

What did social media say?- Boregowda Shivaraj, a senior fellow at Indian Council of Social Science Research (ICSSR), wrote, "English shall be the official language of the union government is clearly written in the constitution." Forensic auditor Vivek Shah asked, "In which language did he write the letter, was it in English?"

# Samsung's mammoth Galaxy Tab S10 Ultra, and a spectacle for creator workflows

**NEW DEIHI, (Agency).** This isn't just any other Android tablet. In fact, this isn't just any other Android tablet, already following the trend of bigger screen sizes. A14.6-inch screen size, and a territory where no other tablet has gone before. The Samsung Galaxy Tab S10 Ultra is, perhaps the ultimate symbolisation of that approach. It is, at least till someone doesn't make a 15-inch or 16-inch tablet.



Maybe that time will come, but with an uncharted territory this screen size brings, you'd be contemplating what this beautiful display real estate really is useful for.

With this sort a footprint, you're unlikely to be holding up a Galaxy Tab S10 Ultra for too long. That would perhaps be a typical tablet use case, simplifying portability between your smartphone and your laptop. Samsung's efforts make it a full 1.6-inch larger in terms of viewing area, than the latest Apple iPad Pro's 13-inch screen. The way I see it is, the Galaxy Tab S10 Ultra is meant to be more of a static computing experience, than one you'd move around with often. Pair with a keyboard, and it becomes your ideal Android work machine. Armed with an S Pen (this is Samsung's long standing take on a stylus; it is s bundled accessory), which makes this the most spaced out canvas for artwork.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक